# 18. सामान्य अशुद्धियाँ

छात्र अधिकतर शब्द या वाक्य पढ़ते या लिखते समय कई प्रकार की सामान्य अशुद्धियाँ करते हैं। ये अशुद्धियाँ भाषा के व्याकरण का भली-भाँति ज्ञान न होने के कारण होती हैं।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से कुछ शब्द या वाक्य लिखवाएँ तथा जाँचें।
- बताएँ, बच्चे बहुत-से शब्दों में अशुद्धि करते हैं। उन्हें इस प्रकार की अशुद्धियों से परिचित कराएँ।
- शब्दों के शुद्ध उच्चारण पर भी बल देने को कहें।
- पाठ पृष्ठ 128-130 पर दी संज्ञा, लिंग, वचन, कारक आदि की अशुद्धियों से परिचित करवाते हुए उनका शुद्ध रूप पढ़वाएँ।
- मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।
- अभ्यास करवाकर जाँचें।